6. सर्वनाम

किसी भी नाम की जगह आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम किसी नाम या संज्ञा के बारंबार प्रयोग से भाषा को बोझिल बनने से बचाता है। सर्वनाम सभी शब्दों के लिए एक समान रूप से प्रयोग होते हैं।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को सर्वनामों से परिचित करवाएँ।
- पाठ पृष्ठ पर दिए वाक्य पढ़वाएँ। इसके लिए कक्षा के कुछ छात्र-छात्रा को चुनें। एक छात्र 'मैं' के वाक्य बोले, दूसरा 'तुम', तीसरा 'आप' के वाक्य बोले। इसी प्रकार सभी सर्वनाम वाले वाक्यों के लिए अलग-अलग छात्र-छात्रा को कक्षा के समक्ष खड़ा करके वाक्य पढ़वाएँ।
- बच्चों को सर्वनामों की उपयोगिता तथा प्रयोग समझाएँ।
- सर्वनाम की परिभाषा याद करवाएँ।
- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों से सर्वनाम युक्त वाक्यों को स्वयं बनाकर बोलने को कहें।
- प्रत्येक बच्चे पर ध्यान बनाए रखें। बीच-बीच में देखते रहें कि बच्चे पाठ में रुचि ले रहे हैं या नहीं।
- बच्चों से पाठ अभ्यास करवाएँ। यदि बच्चे अशुद्धि करें तो उन्हें समझाते हुए अशुद्धि शोधन करें।